Title: Need for five-year fixed term for lok sabha, legislative assembly and municipal bodies.

श्री विजय गोयल (चांदनी चौक) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले एक दशक में लोक सभा के पांच चुनाव हुए हैं जबकि दो चुनाव होने अपेक्षित हैं। प्रत्येक चुनाव में करोड़ों रुपया सरकार का लगता है व उतना ही राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों का। पैसे के अपव्यय होने के अलावा अस्थिरता देश के विकास को भी रोकती है। साथ ही आम जनता में लोकतंत्र के प्रति अनास्था भी ज़ मानें लगती है।

लोक सभा का पांच वर्ष का कार्यकाल स्थिर हो, इसके लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है जिसका वायदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में भी किया है।

इसके साथ-साथ इस पर भी विचार होना चाहिए कि आये महीने लोक सभा, विधान सभा या नगर निगम या पंचायत के किसी सीट पर चुनाव न हों। लोक सभा, विधान सभा, नगर निगम चुनाव भी किसी प्रकार एक साथ हों, इस पर विचार होना चाहिए। हमारे देश में ये चुनाव पांच वर्ष के समय पर एक साथ हों।

सरकार को चाहिए कि सभी दलों में इस पर आम सहमति बनाने के लिए प्रक्रिया को आरम्भ करें एवं इस पर क्या ठोस कदम सरकार उठाने जा रही है, यह संसद को बताएं।